autoneum

आचार-संहिता

प्रिय साथियों,

ऑटोनियम (Autoneum) में, हम उच्चतम मानकों के प्रति समर्पित हैं और यह बात न केवल हमारे द्वारा तैयार किए जाने वाले उत्पादों पर, बल्कि हमारे काम-काज के तौर-तरीकों पर भी लागू होती है। हमारे विचार-मूल्य और सिद्धांत हमारे व्यवहार की बुनियाद हैं। आचार-संहिता इन विचार-मूल्यों को आचरण के रूप में साकार करने के लिए और अधिक मार्गदर्शन प्रदान करती है।

हमारा मानना है कि एक कम्पनी के रूप में हमारा दायित्व हमारे कार्य-संचालन वाले देशों के नियमों-कानूनों का पालन करने से भी कहीं ज्यादा है। वाहनों की ध्वनि और तापीय प्रबंधन के क्षेत्र में हमारी कम्पनी को जो ख्याति प्राप्त है उसे बनाए रखने के लिए यह जरूरी है कि हम अपने ग्राहकों के लिए नए कल्पनाशील उत्पाद तैयार करें, अपने कर्मचारियों के लिए कार्यस्थल पर एक आकर्षक माहौल बनाए रखें और अपने कार्य-संचालन के क्षेत्रों में पर्यावरण और स्थानीय समुदायों का ध्यान रखते हुए अपने शेयरधारकों को लाभदायक परिणाम देते रहें।

इन सभी आकांक्षाओं को पूरा कर पाना हमेशा आसान नहीं होता। श्रमसाध्य एवं प्रतिस्पर्द्धात्मक व्यावसायिक वातावरण में हमें कई बार कठोर निर्णय लेने होते हैं। ऐसी ही जगहों पर, हमें आचार-संहिता से वांछित मार्गदर्शन प्राप्त होता है। स्पष्ट है कि आचार-संहिता हमें अपने दैनिक काम-काजी परिस्थितियों में पेश आने वाले सभी सवालों और दुविधाओं का समाधान नहीं कर सकती। यही कारण है कि हम प्रत्येक कर्मचारी को इस बात के लिए प्रोत्साहित करते हैं कि किसी भी चिंता या संदेह की स्थिति में वे अपने प्रबंधक, मानव संसाधन विभाग (HR) या कानून एवं अनुपालन विभाग से मार्गदर्शन प्राप्त करें।

संवेदनशील मुद्दों सहित सभी बातों पर खुले संवाद से हमें अपनी कॉर्पोरेट कार्य-संस्कृति को और अधिक मजबूत बनाने, अपने कार्य-प्रदर्शन को और अधिक बेहतर करने और अपनी ख्याति बढ़ाने में मदद मिलेगी।

विंटरथर, अक्टूबर 2023

हैंस पीटरे श्वाल्ड
बोर्ड अध्यक्ष

एल्को हस्पोल्डर
मुख्य कार्यकारी अधिकारी

हमारे विचार-मूल्य और सिद्धांत

सिद्धांत

- अपने ग्राहकों को खुश रखना
- अपने काम को मन से करना
- मुनाफ़े के लिए भरपूर प्रयास करना

विचार-मूल्य

- हम जुनून के **साथ** काम करते हैं।
- हम दायित्वशीलता से **कर्तव्य** निभाते हैं।
- नई कल्पनाशीलता से हम लाभ **उठाते** हैं।
- हम वैश्विक **उत्साह-भावना** के साथ जीते हैं।
- हम **निरंतर सुधार** से प्रगति करते हे।
- हम सरल बने रहने का प्रयास **करते** हैं।

संहिता के बारे में

यह आचार-संहिता ("संहिता") ऑटोनियम (Autoneum) समूह की कम्पनियों के सभी निर्देशकों और कर्मचारियों पर लागू होती है। यह हमारी ओर से काम करने वाले अन्य पक्षों पर भी लागू होती है, जैसे हमारे वितरक एवं कॉन्ट्रैक्टर। अपने आपूर्तिकर्ताओं (सप्लायरों) के लिए हमने एक खास 'आपूर्तिकर्ता आचार-संहिता' (Supplier Code of Conduct) बनाई है।

यह संहिता ऑटोनियम (Autoneum) के विचार-मूल्यों और सिद्धांतों पर आधारित है और निम्न के प्रति हमारी प्रतिबद्धता दर्शाती है:

- **एक-दूसरे के लिए**
- **अपनी कम्पनी के लिए**
- **बाजार में स्वच्छ आचरण**
- **समाज के लिए**

ऑटोनियम (Autoneum) की आचार-संहिता हमारी वेबसाइट पर उपलब्ध है।

संहिता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता

अपनी संहिता के अनुरुप अपना दैनिक जीवन जीते हुए ऑटोनियम (Autoneum) के विचार-मूल्यों को अपने आचरण में झलकाना हमारा दायित्व है। प्रबंधकों और पर्यवेक्षकों (सुपरवाइजरों) से और ज्यादा उम्मीद की जाती है, कि वे सही आदर्श प्रस्तुत करेंगे, आचरण के लिए मार्गदर्शन देंगे और एक ऐसा वातावरण सृजित करेंगे जिसमें हर किसी को कोई भी सवाल करने और हमारी संहिता एवं नीतियों के संभावित उल्लंघनों की रिपोर्ट देने में कोई असुविधा महसूस न हो।

यदि आपको संहिता का कोई उल्लंघन होता दिखे तो अनदेखी न करें। हर कर्मचारी से अपेक्षा की जाती है कि वह चिंताजनक बातों की सूचना देगा ताकि उनसे समुचित तरीके से निपटा जा सके।

कभी भी किसी संदेह की स्थिति में, मार्गदर्शन प्राप्त करने का ध्यान रखें। अपने पहले कदम के रूप में, कृपया निम्नांकित प्रश्नों पर विचार करें:

- क्या यह कानून-सम्मत और हमारी संहिता और नियम-कायदों के अनुरुप है?
- क्या इससे ऑटोनियम (Autoneum) की ख्याति संकट में नहीं पड़ रही है?
- क्या ऐसा करना ठीक होगा?
- क्या मुझे ऐसा करने का अधिकार है?
- क्या मैं सही आदर्श कायम कर रहा/रही हूं?
- यदि यह किसी अखबार के पहले पन्ने पर छप जाए तो क्या मुझे अच्छा लगेगा?

यदि इसमें से किसी भी प्रश्न का उत्तर हां में देते हुए आपको हिचक हो रही हो तो कृपया अपने मैनेजर, अपने मानव संसाधन विभाग या कानून एवं अनुपालन विभाग से मार्गदर्शन प्राप्त करें।

कार्य-स्थलीय आचार

ऑटोनियम (Autoneum) के लिए 'अपने काम को मन से करना' (Enjoy your work) एक प्रमुख सिद्धांत है। हम अपने विचार-मूल्य' जुनून के साथ काम करना' (perform with passion) के अनुसार तभी जी सकेंगे यदि हम एक ऐसा सुरक्षित कार्य-वातावरण प्रस्तुत कर सकें जिसमें मानव-अधिकारों, श्रम कानूनों और स्वास्थ्य एवं सुरक्षा संबंधी नियम-कायदों का ध्यान रखा जाता हो।

हम उत्पीड़न और भेदभाव से मुक्त कार्यस्थल बनाना चाहते हैं जिसमें सभी कर्मचारियों को – चाहे वे किसी भी जाति के हों, स्त्री हों या पुरुष, उनका धर्म, राजनीतिक विचार, यौन- अभिविन्यास चाहे जो भी हो – समान अवसर प्राप्त हो।

ऑटोनियम (Autoneum) अच्छी कॉर्पोरेट नागरिकता के सिद्धांत के प्रति समर्पित है। मानव अधिकार संबंधी संयुक्त राष्ट्र घोषणा और अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (ILO) तथा OECD के दिशानिर्देशों के अनुरुप, हम बलपूर्वक कराए गए या बाल्य श्रम को बर्दाश्त नहीं करते और हम कर्मचारियों द्वारा एक समूह के रुप में कोई बात तय करने या संघ बनाने के अधिकार को मान्यता देते हैं।

ऑटोनियम (Autoneum) काम के घंटों के संबंध में स्थानीय कानूनों का पालन करता है और अपने कर्मचारियों को प्रभावी कानूनों के अनुसार लाभ और क्षतिपूर्ति प्रदान करता है।

कम्पनी की संपदाओं और सूचनाओं का संरक्षण

अपनी कम्पनी की संपदाओं के संरक्षण के लिए हम सभी उत्तरदायी हैं। इसके अंतर्गत हमारे कार्य-संचालन में प्रयुक्त होने वाली मशीनें, उपकरण और वाहन इत्यादि ही नहीं आते बल्कि हमारे बौद्धिक संपदा-अधिकार और गोपनीय सूचनाएं भी शामिल है।

- **कम्पनी की संपदाएं और भवन:** हम अपनी संपदाओं की देखरेख करते हैं और यह सुनिश्चित करते हैं कि दुरुपयोग, क्षति, बर्बादी, चोरी और छल-कपट इत्यादि से उन्हें बचा कर रखा जाए।
- **बही-खाते और रिकॉर्ड:** सभी व्यावसायिक लेनदेनों का सही-सही, पूर्ण, सत्य, निष्पक्ष, अबाध एवं सामयिक रिकॉर्ड रखा जाता है।
- **अंदरुनी व्यापार:** ऑटोनियम (Autoneum) सार्वजनिक व्यापार वाली कम्पनी है। ऑटोनियम (Autoneum) की प्रतिभूतियां (सेक्योरिटीज) खरीदे या बेचे जाने के क्रम में गैर-सार्वजनिक सूचनाओं का दुरुपयोग या उन्हें प्रकट किए जाने का सख़्त निषेध है।
- **डाटा संरक्षण:** हम अपनी गोपनीय सूचनाओं की रक्षा करते हैं और दूसरों की गोपनीय सूचनाओं का भी सम्मान करते हैं। हम केवल कानून-सम्मत व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए ही उनका उपयोग करते हैं और उनके प्रयोग में अत्यंत सावधानी बरतते हैं।
- **संवाद/संचार:** अपने कॉर्पोरेट प्रतिष्ठा की रक्षा के लिए, हम कॉर्पोरेट संवाद/संचार संबंधी मानकों का पालन करते हैं, उदाहरण के लिए, बाहरी स्रोतों या सोशल मीडिया पर कम्पनी का प्रतिनिधित्व करते समय।

बाजार में साफ-सुथरा व्यवहार

बाजार में अपने सभी प्रतिभागियों के साथ, ऑटोनियम (Autoneum) स्वस्थ प्रतियोगिता को विकसित करने और निष्पक्ष व्यवहार के प्रति प्रतिबद्ध है। हमें मुनाफे के लिए प्रयास करने की जरूरत तो है, लेकिन यह काम हम ईमानदार तरीके से करते हैं।

- **प्रतिस्पर्द्धा-रोधी:** हम सभी प्रासंगिक प्रतिस्पर्द्धा-रोधी कानूनों का सम्मान रखते हैं। हम बिड रिगिंग (छलपूर्ण तरीके से बोली लगाने), पहले से मूल्य तय कर लेने (प्राइस फिक्सिंग) या मार्केट में अपनी धाक का दुरुपयोग करने जैसी बातों को बर्दाश्त नहीं करते।
- **रिश्वत/भ्रष्टाचार-रोधी:** हम रिश्वत या सुविधाकारी भुगतान नहीं देते। हम रिश्वत या अन्य अनुचित लाभ स्वीकार नहीं करते।
- **मनोरंजन और उपहार:** मनोरंजन और उपहार का निषेध नहीं है लेकिन उनका समुचित और पारदर्शी तरीके से होना जरूरी है। मामूली मूल्य के सामान्य उपहार स्वीकार्य हैं लेकिन उनका प्रयोग व्यावसायिक निर्णयों को प्रभावित करने के लिए नहीं होना चाहिए।
- **हित का टकराव:** हम हितो के टकराव से बचते हैं। व्यक्तिगत हितों को हमारे व्यावसायिक फैसलों और निर्णय-प्रक्रिया को प्रभावित नहीं करना चाहिए। कोई भी टकराव उपस्थित होने पर हम तुरन्त उसे प्रकट कर देते हैं।

समाज के लिए प्रतिबद्धता

ऑटोनियम (Autoneum) में, हम इस बात के प्रति सजग रहते हैं कि हमारे कार्य-संचालन का असर समाज पर पड़ता है। हम उत्तरदायित्व की भावना के साथ उत्पादों और रोजगार का सृजन करते हैं, कच्चा माल खरीदते हैं, प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग करते हैं और अपने टैक्स अदा करते हैं।

- **सुरक्षित उत्पाद:** हमारे नव-कल्पनाशील उत्पादों का उपयोग वाहनों में शोर को कम करने और ताप से रक्षा के लिए किया जाता है। जरूरी है कि वे सुरक्षित हों ताकि वाहन-चालक उनपर भरोसा कर सकें।
- **उत्पादन में चिरस्थायित्व:** सतत सुधार और नव-कल्पनाशीलता के अपने प्रयास के क्रम में, हम अपने डिजाइनों और उत्पादन-प्रक्रिया को बेहतर बनाने के तरीकों की तलाश में रहते हैं और सामग्रियों एवं ऊर्जा के उपभोग से अधिकतम लाभ उठाने के प्रति सजग रहते हैं। अपने शोध और विकास कार्यों में, हम पर्यावरणीय पहलुओं के सुव्यवस्थित समेकीकरण का पूरा प्रयास करते हैं।
- **प्रायोजन एवं धर्मार्थ एवं राजनीतिक चंदे:** हम प्रोफेशनल लोग हैं और संस्थाओं को आर्थिक सहायता देने में पारदर्शिता रखते हैं।

दुराचार के बारे में रिपोर्ट देना

हमारी संहिता के उल्लंघन को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और उसके कारण अनुशासनात्मक कार्रवाई तक की जा सकती है जिसमें नौकरी से बर्ख़ास्तगी तक शामिल हो सकती है। कुछ मामलों में, ऑटोनियम (Autoneum) को किसी उल्लंघन की सूचना संबंधित अधिकारियों को भी देनी पड़ सकती है जिसके कारण कानूनी मुकदमे, अर्थदंड या जेल तक संभव है।

जो कर्मचारी संहिता, कानूनों या अन्य नियम-कायदों का उल्लंघन होते हुए देखते हैं या उन्हें ऐसा संदेह है, उनसे अपेक्षा की जाती है कि वे अपनी चिंताओं के बारे में अपने सुपरवाइजर, मानव संसाधन विभाग या कानून एवं अनुपालन विभाग (compliance@autoneum.com) को इसकी सूचना देंगे। स्पीक-अप हॉटलाइन के माध्यम से गुमनाम सूचना भी दी जा सकती है। (https://speakupline.autoneum.com)

जो कर्मचारी सद्भावना के साथ संहिता के उल्लंघन के बारे में सूचना देते हैं, किसी भी प्रतिशोध से उनकी रक्षा की जाएगी।

आगे का मार्गदर्शन

ऑटोनियम (Autoneum) कॉर्पोरेट इंट्रानेट या आपके मानव संसाधन विभाग के पास संबंधित पृष्ठों के बारे में आगे और अधिक मार्गदर्शन उपलब्ध है।

संहिता और नीतियों का नवीनतम संस्करण इंट्रानेट पर उपलब्ध है जहां आपको विभिन्न भाषाओं में भी संहिता उपलब्ध होगी। किसी भी संदेह की स्थिति में, अंग्रेजी संस्करण मान्य होगा।

ऑटोनियम (Autoneum) आचार-संहिता
अक्टूबर 2023

© Autoneum Holding Ltd
Winterthur, Switzerland

Autoneum. Mastering sound and heat.

Autoneum Holding Ltd
Schlosstalstrasse 43
8406 Winterthur
Switzerland
T +41 52 244 82 82
info@autoneum.com